
Date:- 27/09/2025
Rajasthan Patrika
Page No. 02

### कोबा गाम एवं जूना कोबा नाम के स्टेशन जनता को होंगे समर्पित, बढ़ेगी सुविधा

# अहमदाबाद-गांधीनगर कॉरिडोर पर कल से शुरू होंगे दो और स्टेशन



जूना कोबा मेट्रो ट्रेन स्टेशन।

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर के मोटेरा से राज्य की राजधानी गांधीनगर को जोड़ने वाले अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो ट्रेन कॉरिडोर पर रविवार से दो और स्टेशन कार्यरत हो जाएंगे। इनमें एक स्टेशन का नाम जूना कोबा है, जबकि दूसरे स्टेशन का नाम कोबा गाम मेट्रो स्टेशन है। गुजरात मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) लिमिटेड ने शुक्रवार को इस संबंध में आधिकारिक जानकारी दी। इसमें बताया कि कॉरिडोर पर तैयार हुए ये दोनों मेट्रो ट्रेन के स्टेशन जनता के लिए रविवार से खुलेंगे।

जीएमआरसी के शिड्यूल के अनुसार कोबा गाम से गांधीनगर सचिवालय की ओर पहली ट्रेन सुबह 8:32 बजे, एपीएमसी की ओर सुबह 8:04 बजे और गिफ्ट सिटी की ओर सुबह 7:40 बजे रवाना होगी। जूना कोबा से सचिवालय की ओर पहली ट्रेन सुबह 8:28 बजे, एपीएमसी की ओर सुबह 8:06 बजे और गिफ्ट सिटी की ओर सुबह 7:38 बजे रवाना होगी। नए शुरू होने वाले दोनों स्टेशन यलो लाइन पर हैं।

दोनों स्टेशन कोबा सर्कल स्टेशन और जीएनएलयू स्टेशन के बीच स्थित हैं, यहां से गिफ्ट सिटी की ओर जाने वाला मेट्रो मार्ग शुरू होता है। जिससे गिफ्ट सिटी, जीएनएलयू, पीडीपीईयू जाने वाले कर्मचारियों, छात्रों, प्राध्यापकों व कर्मचारियों को राहत मिलेगी।